चाहता हूं । सारे देश में दीपावली पर ज्यादातर समाचार-पत्रों के तथा महाराष्ट्र में अनेक दीपावली विशेषांक निकाले जाते हैं । महाराष्ट्र में जिस तरह दीपावली का त्यौहार बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है, उसी तरह सारे सुशिक्षित लोग दीपावली अंक खरीदने में अपनी सारी सक्षमता दिखाते हैं । अभी मैं उन अंकों की छपाई शुरू हो जाती है । मगर इस वर्ष इस इन्टलैक्चुल फंड, बौद्धिक खाद्य से आम महाराष्ट्रियन व्यक्ति वंचित रहेगा, ऐसा लगता है ।

1976-77 में दीपावली विशेषांक की कीमत 10 रुपए थी । जैसा कि आवाज मोहर, माहेर, मेनका, जत्रा, हंस, मोहिनी, मुलमोहर, किर्लोस्कर, स्त्रीमय, शोभा तथा बहुतांश समाचार-पत्रों के दीपावली विशेषांक, उदाहरणार्थ महाराष्ट्र टाइम्स लोकसत्ता, केसरी, सकाल, मराठवाड़ा, लोकमत, लोकपत्र, तरुणभारत, प्रभात, जनवाद, अजिंठा, प्रजावाणी, गोदातीर समाचार, इन्द्रधनुष्य, पुढारी तथा अन्य कुछ 100 से ऊपर दीपावली विशेषांक निकलते हैं ।

इसके पूर्व कागज का मूल्य तेरह से साढ़े तेरह हजार रुपए प्रति टन था, अब वह चार से साढ़े चार हजार रुपए प्रति टन बढ़ गया है । बाजार में 19 से 20 हजार रुपए प्रति टन कागज मिलता है और दीपावली विशेषांक की कीमत कम से कम, 200 पृष्ठ का हुआ, तो 30 से 35 रुपए हो जाने की संभावना है । कागज के दाम बढ़ने से सारे समाचार-पत्र महंगे हो गए हैं । कोई भी वृत्त-पत्र 2 रुपए से नीचे नहीं मिलता । यह बहुत ही गंभीर समस्या है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे देश में जैसे-जैसे शिक्षा बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे लोगों में समाचार-पत्रों की डिमांड भी बढ़ती जा रही है । लेकिन यह कागज के दाम बढ़ने से कोई भी गरीब आदमी आसानी से समाचार-पत्र पढ़ नहीं सकता है । एस०टी०सी० कागज की आपूर्ति करता है । सरकार से मैं अनुरोध करता हूं कि कागज के दाम प्रति टन 10 से 12 हजार रुपए होने चाहिए जिसका फायदा देश के करोड़ों की संख्या में शिक्षित वाचक-वर्ग को मिल सके तथा दीपावली विशेषांक की कीमत 10 से 15 रुपए से ऊपर न जाए और उस दृष्टि से कागज की आपूर्ति की जाए व देश के वृत्त-पत्र व दीपावली विशेषांक वाचक को राहत दी जाए । यही मेरा सरकार से अनुरोध है ।

यह समस्या हमारे देश की बहुत बड़ी समस्या है और इस बारे में सरकार को, कागज के दाम के बारे में उसकी जो नीति है, उसे उसको बदलना चाहिए और हमारे देश के सर्वमान्य वाचक को बहुत ही कम दाम में वृत्त-पत्र और दीपावली विशेषांक मिलना चाहिए और उसके लिए जो कागज लगता है, वह 10 से 12 हजार रुपए प्रति टन से ज्यादा नहीं होना चाहिए । सारे देश में जो यह बौद्धिक खाद्य मिलती है दीपावली पर, जैसे दूसरी खाद्य मिलती है वैसे ही बौद्धिक खाद्य भी मिलती है, उसको सही तरीके से और सुलभता से उपलब्ध किया जाए यही मेरा सरकार से आपके माध्यम से निवेदन है ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, सूचना और प्रसारण मंत्री जी आ गए हैं.... **(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश) : मैं एसोसिएट करता हूं, जो अभी इन्होंने फरमाया । यह बहुत ही जेन्युन मसला है और इस पर बार-बार तवज्जो दिलाई जाती रही है ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीशंकर दयाल सिंह) : ठीक है, आपने एसोसिएट किया । आपने भी एसोसिएट किया ।

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra): I would also like to associate myself, Sir.

Reported murder of a youth in Coimbatore by Members belonging to 'Jehad'

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, मैं तमिलनाडु के कोयम्बतूर नगर में एक हत्या का उल्लेख करना चाहता हूं, जिससे कि वहां पर तनाव बढ़ने की सम्भावना है, विशेषत: इस कारण

कि वहां की सरकार और केन्द्र में बैठी सरकार की पार्टियां दोनों एक दूसरे की समर्थक हैं । अभी बृहस्पतिवार को प्रातः-काल लगभग साढ़े छः बजे शिवा नाम का एक कार्यकर्ता हिन्दू मनाली का कार्यकर्ता है, भारतीय जनता पार्टी में सहानुभूति रखने वाला है व सब्जी बेचने वाला है, सुबह-सुबह उसकी दुकान में घुसकर लोगों ने उसकी हत्या कर दी । विडम्बना तो यह है कि हत्या किसी अकस्मात झगड़े के कारण नहीं हुई । एक पखवाड़े पहले पोस्टर निकाले गये थे, खुलेआम छापे गये थे कि हम इन-इन लोगों को मारेंगे । उसमें शिवा का नाम भी शामिल था । पुलिस ने कुछ नहीं किया और पोस्टर निकाले किसलिए गये थे ? वहां एक संस्था है जेहाद नाम की, उसके कर्ता-धर्ता है—मनाली बाबा । मनाली बाबा एक ऐसा रहस्मय व्यक्तित्व है जोकि वर्षों से तमिलनाडु में सक्रिय है। इमरजेंसी के दौरान यह महाशय मिडिल ईस्ट भागकर चले गये थे, दोबारा लौटकर आये हैं... **(व्यवधान)** और यह हरकतें चालू हुई हैं। इतना ही नहीं... **(व्यवधान)**

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी (महाराष्ट्र) : वह बाबा क्या करते हैं ?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : वह जेहाद नाम की संस्था चलाता है, जिस जेहाद नाम की संस्था ने 15 दिन पहले पोस्टर निकाले कि हम इन-इन व्यक्तियों की हत्या करेंगे । शिवा नाम का जो व्यक्ति मारा गया उसका जिक्र उसमें शामिल था और यह पोस्टर केवल दीवारों में ही नहीं लगाये गये, एकआध अखबारों जिसमें विजय भारतीय नाम का साप्ताहिक समाचार पत्र है, उसने उसका फोटो छापा था कि यह-यह हो रहा है । परन्तु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की और मेरी जानकारी के अनुसार आज तक भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है । ऐसे मामले बड़े नाजुक मामले होते हैं, तनाव बढ़ता है और बढ़ रहा है । तो सरकार से मेरा कहना है कि क्योंकि आपसे सहानुभति रखने वाली ही सरकार वहां पर है, इस पर उचित कार्यवाही की जाये, जिससे कि वहां तनाव न बढ़े ।

Need to review amnesty granted by a former Finance Minister to persons charred with violating 'COFEPOSA'Rales

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बड़ा लक्ष हूं... **(व्यवधान)**

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra): Just a minute. Sir, this is a very important matter that he is bringing. You should allow us to associate, to put our views.

SHRI KAMAL. MORARKA (Rajasthan) : And also dissociate.

SHRI A. G. KULKARNI: It is a very important matter.

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकरदयाल सिंह) : आप बोलिये, पाण्डेय जी ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका शुक्रगुजार हूं कि आपने मुझे स्पेशल मेंशन के द्वारा एक बड़े ही भयानक आर्थिक घोटाले की ओर सदन और देश का ध्यान आकर्षित करने की अनुमति दी है । ग्यारह व्यक्तियों का कोफोपोसा के तहत डिटेंशन आर्डर एक तांत्रिक के इशारे पर मुल्तवी कर दिया गया । जिन व्यक्तियों ने 18 करोड़ से भी अधिक की विनिमय मुद्रा को अनैतिक ढंग से विदेशों में भेजा था... **(व्यवधान)**

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी : वह तांत्रिक चन्द्रा स्वामी था ?

डा० रत्नाकर पाण्डेय : नहीं, वह नहीं था दूसरा था। अनेक तांत्रिक हैं ।

8 अगस्त, 1985 को एन्फोर्समेंट निदेशालय के गुप्तचर लोगों ने कोर्ट के सिलसिले में कुछ दस्तावेज हासिल किये थे, जो इस बात के सबूत थे कि

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

लगभग 18 करोड़ से अधिक कीमत की विदेशी मुद्रा देश के बाहर भेजी गयी । जो 11 व्यक्ति इस कार्य में लगे थे उनमें--नानक सिंह, चरण सिंह, मोहन सिंह, वजीर सिंह, जगमाहन सिंह, केवल सिंह, हरजीत सिंह, हजारी लाल जैन, निर्मल चन्द वैद्य और परमजीत सिंह के अलावा लक्ष्मण गोकलानी नाम का व्यक्ति था । इन 11 व्यक्तियों को डिटेन करने के लिये एंफोर्समेंट डायरेक्ट्रेट की ओर से कोफोपोसा के तहत आर्डर हुआ था कि इनको गिरफ्तार कर लिया जाये, जिसकी विस्तार से जांच करने वाली उच्चस्तरीय समिति में एक अतिरिक्त सचिव तथा अन्यान्य सरकारी विभागों के पांच सचिव थें । जांच समिति द्वारा प्रमाणित किए जाने पर "काफेपोसा' के तत्कालीन सचिव श्री के०के० द्विवेदी ने उक्त 11 व्यक्तियों के खिलाफ डिटेंशन आर्डर 8-11-85 को निकाले और काफेपोसा निदेशालय, दिल्ली जोन को कार्यान्वित करने के लिए भेज दिए । उस समय के वित्त मंत्री ने, जिनका नाम मैं अभी नहीं लेना चाहता, सब कुछ दबा दिया । एक तांत्रिक डा० रमेश परमहंस, ए-15/2 वसंत विहार नई दिल्ली की सिफारिश पर तत्कालीन वित्त मंत्री ने लक्ष्मण गोपलानी के संबंध में काफेपोसा के आदेश को रद्द कर दिया । आश्चर्य इस बात का है कि उस समय काफेपोसा के जो तत्कालीन सचिव थे श्री द्विवेदी, उन्होंने 18-11-85 को हस्ताक्षरित गुप्त दस्तावेज का समाचार श्री गोपलानी को दे दिया और अगले ही दिन उनके तांत्रिक ने तत्कालीन वित्त मंत्री को अपनी पहुंच में लिया । तांत्रिक के पत्र पर जो रिकार्ड में टिप्पणी मिलती है, वह मेरे पास है ।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, ये तांत्रिक वगैरह इस देश में क्या करना चाहते हैं यह देखने की बात है । तांत्रिक महोदय जो पत्र लिखा है वह बड़ा ही महत्वपूर्ण पत्र है--

"The Invisible Cabinet
on
World Peace and Removal of Poverty of Bharatvarsha by 1990."

"विश्वनाथ और प्रतापी हैं आप" एक पर लिखा है और दूसरे पर लिखा है--"आंखें खोलिए, अधर्म पर मत चलिए, गद्दी चली जाएगी । विश्वनाथ हैं, प्रताप हैं, आप" और इस पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के काफेपोसा के अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं और इस तांत्रिक डा० रमेश परमहंस के कहने पर 18-11-85 को जो लक्ष्मण गोपलानी नाम का आदमी था उसके फैवर में सिफारिश की गई है और लिखा गया है कि--

"Secondly, Laxman Gopalani was out of India. If he was charged, kindly see the Enforcement order paper.. ..."

माननीय, मैं बताना चाहता हूं कि लिखा गया है कि जो 11 व्यक्तियों को कागज सर्व करना था वह तीन-चार हजार पेज का है और एक लाख फोटोस्टेट कापीज करायी जानी थीं और दिसंबर, 1985 तक यह होना संभवनहीं था, वित्त मंत्रालय ने यह नोट लिखा ।

"He further stated that some persons are reported to be away from the country, and then it was proper to wait for their arrival, and it was considered appropriate to...." *(Interruptions).* He has also communicated that according to their information these persons have gone underground."

विदेश चला जाए कोई काफेपोसा का मुजरिम या अंडरग्राउंड हो जाए, इसलिए उस पर आर्डर सर्व न किया जाए, बहुत बड़ा घोटाला है । माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं तिथिवार बताना चाहता हूं कि एक मार्च, 1985 को एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट ने लक्ष्मण गोपलानी और 10 अन्य तस्करों के यहां छापे मारे; दो सितंबर को लक्ष्मण गोपलानी और जिन 10 अन्य व्यक्तियों का नाम मैंने लिखा है, उनके विरुद्ध काफेपोसा के अंतर्गत नजरबंदी प्रस्ताव राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय को भेजा गया । तीन से उन्नीस सितंबर के बीच काफेपोसा छानबीन समिति द्वारा लक्ष्मण गोपलानी और 10 व्यक्तियों का नजरबंदी की अनुशंसा की गई । 18 नवम्बर

को वित्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव द्वारा लक्ष्मण गोपलानी और 10 अन्य व्यक्तियों को नजरबंदी के आदेश जारी किए गए । नजरबंदी आदेश पर अमल के लिए फाइल प्रवर्तन निदेशालय को भेजी गई । 19 नवंबर, 1985 को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ तांत्रिक स्टडीज, ए–15।2 वसंत विहार नई दिल्ली के तांत्रिक डा० रमेश परमहंस द्वारा तत्कालीन वित्त मंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया कि एक दिन पहले लक्ष्मण गोपलानी के विरुद्ध काफेपोसा द्वारा जारी किया गया नजरबंदी आदेश वापस ले लिया जाय और उस समय के प्रवर्तक निदेशक द्वारा श्री लक्ष्मण गोपलानी के खिलाफ कार्यवाही इस आधार पर दी गई कि कापियां करानी हैं और वह अंडरग्राउंड हैं । उस अधिकारी ने वित्त मंत्रालय को लिखा कि अदालत के लिए दस्तावेजों की फोटोकापियां तैयार करने में विलंब हो रहा है इसलिए विधि मंत्रालय की राय लेकर नजरबंदी आदेश वापस ले लिया जाए । विधि मंत्रालय से उसकी राय जानने के लिए एक कमेटी बनाई गई ।

श्रीमन्, 5 फरवरी, 1986 को मंत्रालय अपनी राय भेजता है जिसमें नजरबंदी आदेश पर अमल करने में किए गए विलम्ब पर आलोचनात्मक टिप्पणियां की जाती हैं । इस राय में दो मुद्दे सामने रखे जाते हैं :

1. हमारे सामने ऐसे कोई साक्ष्य नहीं हैं जिनसे पता चल सके कि दिसंबर के तीसरे हफ्ते में भी जब कि दस्तावेज तैयार हो चुके थे इन आदेशों पर अमल के लिए कोई प्रयास किए गए ।

2. नजरबंदी आदेश की वैधता का निर्णय घटना की तिथि और संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नजरबंदी आदेश जारी करने की तिथि के बीच आए अंतराल की लंबाई के आधार पर किया जाएगा । यदि [illegible] सम्मत है तो यह [illegible]धता को प्रभावित

[illegible]ो उस अधिकारी [illegible]ाइल अनुमोदन लिए भेजी । 13 अप्रैल को राजस्व सचिव ने वह फाइल फाइनेंस मिनिस्टर को भेजी और 14 अप्रैल 1986 को उस पर वित्त मंत्री ने अनुमोदन कर दिया । इस प्रकार तीन दिनों के भीतर ही श्री वी० पी० सिंह की कृपा से कोफेपोसा का न केवल यह प्रकरण बल्कि 11 हवाला धांधलेबाजों और तस्करों के खिलाफ मामले की जांच की गई । इस मामले में एक मंत्री श्री राममूर्ति जी ने वित्त मंत्री को पत्र लिखा है । इसके साथ ये सारी फाइल अगर आपका आदेश हो तो ये टेबल पर रखता हूं ।

श्रीमन्, 18 करोड़ रुपया कोफेपोसा का प्राप्त करने वालों में एक सचिव है जिसका मैं नाम बताना चाहता हूं, भूरेलाल थे इंफोर्समेंट डाइरेक्टर उस समय के और सेक्रेटरी थे विनोद पाण्डे । भूरेलाल जी ने आदेश भेजा, सचिव के माध्यम से और वी० पी० सिंह ने उस पर आर्डर किया । श्रीमन यह तांत्रिक कौन है रमेश परमहंस इन तीनों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए 18 करोड़ रुपये का जो इन्होंने राजीव गांधी के चरित्र हनन के लिए खर्च किया है, इस मामले की जांच होनी चाहिए । विश्वनाथ प्रताप सिंह जो अपने को दूध का धुला हुआ कहते हैं, ने अपनी सिफारिश के अनुसार 18 करोड़ रुपए का गोलमाल किया है । इस पर मंत्री जी स्टेटमेंट दें । आपकी जानकारी के लिए सारे फैक्ट्स मैं टेबल पर रखता हूं । मुझे विश्वास है कि आप इस पर जरूर कार्रवाही करेंगे और विश्वनाथ सिंह, भूरे लाल और विनोद पांडे को गिरफ्तार करके इसकी जांच करवाई जाये ।

श्री राम नरेश यादव : (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन्, . . .

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : स्पेशल मेंशन के अलावा कोई भी चीज रेकार्ड में नहीं जाएगी । आप लोग बैठ जाइए । . . . **(व्यवधान)** श्री राम दास. . ., श्री सलारिया, . . . **(व्यवधान)**

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी : वाइस चेयरमैन साहब मेरा प्वाइंट आफ आर्डर है. . . **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): आप लोग बैठ जाइए। मैं जब खड़ा हूं तो आप लोग बैठ जाइए ... **(व्यवधान)**

I am calling the next speaker.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY (Uttar Pradesh): Sir, point of order. The Chairman has given him permission to make a Special Mention. That means he has, prima *fade,* verified that there should be an inquiry into it.

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): डा० रत्नाकर पाण्डेय ने जो मामला उठाया है, जो उन्होंने मांग की वह सारी चीजें रेकार्ड में हैं। जहां पर इन बातों को पहुंचना चाहिए, वहां पर पहुंचेंगी। यही मैं कहना चाहता हूं क्लैरिफिकेशन में... **(व्यवधान)**

स्पेशल मेंशन पर पाण्डेय जी आप जानते हैं क्या होता है। आपने स्पेशल मेंशन किया है और यह मंत्री जी को जायेगा ही। **(व्यवधान)** श्री जवलि।

डा० रत्नाकर पाण्डेय: आप डायरेक्ट कीजिए मिनिस्टर को। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): कोई भी रिकार्ड में नहीं जायेगा सिवाय श्री जवलि के। **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश): मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): स्पेशल मेंशन में व्यवस्था का प्रश्न एलाऊ नहीं कर रहा हूं। एक बार यह सिलसिला जारी कर दूंगा तो पूरी अव्यवस्था हो जायेगी। कोई व्यवस्था का सवाल नहीं रहेगा। श्री जवलि। **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: आप कृपया नियम 258 देखिये। नियम 258 में यह दिया गया है कि किसी भी समय... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): मैंने दूसरे वक्ता का नाम पुकार लिया है। केवल उनकी बात रिकार्ड में जायेगी। श्री जवलि **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। मैं आपका ध्यान रूल 258 की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं। आप मेरी बात सुन लीजिए। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): मैंने एलाऊ नहीं किया है। **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: मेरा प्वाइंट आफ आर्डर सुन लीजिए। इस पर अपनी रूलिंग दीजिए। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): मैंने एक वक्ता को बुला लिया है। **(व्यवधान)** आपके पहले कई लोगों ने प्वाइंट आफ आर्डर रेज किया है। मैंने कहा है कि स्पेशल मेंशन में व्यवस्था के प्रश्न के नाम पर अव्यवस्था पैदा नहीं करना चाहता। **(व्यवधान)** मैं बहुत आदर के साथ कह रहा हूं कि मैंने वक्ता को बुला लिया है। इनको अपनी बात कहने दीजिए। **(व्यवधान)**

केवल श्री जवलि का रिकार्ड में जायेगा और किसी का रिकार्ड में नहीं जायेगा? **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: आपको मेरा व्यवस्था का प्रश्न सुनना होगा और सुनने के बाद भले ही आप उसे अस्वीकार कर दें। नियम 258 की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करूंगा। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): मैं अनुरोध करूंगा कि इनको पहले बोलने दिया जाए। एक बार मैंने कह दिया। कि मैंने एक वक्ता को बुला लिया है। इनको बोलने दीजिए। मैं बीच

श्री सत्य प्रकाश म
का प्रश्न है नियम
(व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : मैंने एक वक्ता को बुला लिया है। **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : आप पहले मेरी बात सुन लीजिए।

Rule 258. Points of order and decisions thereon:—

(1) Any member may at any time submit a point of Order for the decision of the Chairman, but in doing so, shall confine himself to stating the point.

(2) The Chairman shall decide all points of order which may arise, and his decision shall be final.

मेरा निवेदन यह है कि रूल बुक जिसकी चर्चा यहां पर रोज की जाती है...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : लेकिन रोज उसका उल्लंघन नहीं होता।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : इस रूल के तहत मेरा व्यवस्था का प्रश्न है।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : ठीक है, मेरा निवेदन है... **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मेरा व्यवस्था का प्रश्न उस विषय पर नहीं है जिस विषय पर माननीय सदस्य को आपने बोलने की अनुमति दी है। आप मुझे अनुमति दीजिए ताकि मैं व्यवस्था का प्रश्न रख सकूं। मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि डा० रत्नाकर पाण्डेय ने जो विषय उठाया है...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : मैं उस पर बहस एलाऊ नहीं कर रहा हूं।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं बहस नहीं कर रहा हूं। आप पहले व्यवस्था का प्रश्न सुन लें। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : मैंने व्यवस्था का प्रश्न सुन लिया। **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मेरा तो एक वाक्य भी खत्म नहीं हुआ हुआ। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): मैं फिर अनुरोध करूंगा कि जब मैंने एक वक्ता को बुला लिया है आप उनको कहने दीजिए।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : यह सदन चलेगा नियम के अन्तर्गत। मैं भी नियम बाधूंगा और जो व्यक्ति इस कुर्सी पर बैठेगा उसको भी नियम बांधना पड़ेगा। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : ठीक है, मैं समझ रहा हूं। **(व्यवधान)**

डा० रत्नाकर पाण्डेय : आप चेयर पर बैठे हैं आप बराबर सरकार को डायरेक्ट करिये कि वह इस पर स्टेटमेंट दें। आपके भूतपूर्व वित्त मंत्री ने 18 करोड़ रुपये का गबन करने वाले काफी पासा के मुजरिम को छोड़ा है। सारे फैक्ट्स एंड फिगर्स मैंने टेबल पर रखे हैं। **(व्यवधान)**

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : आप सदस्यों को नियम के अनुरूप बात नहीं करने दे रहे हैं। मैं आप से आग्रह करूंगा कि सारी बातों को आप सुनें। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : आप बैठ जाइये। क्यों श्री जखेलि को बुला लिया है इनको बोलने दीजिए। उसके बाद मैं आपको अनुमति दूंगा। **(व्यवधान)**

श्री संघप्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : इनसे पूछिए कि सरकार किस पार्टी की थी और प्रधान मंत्री कौन थे ? **(व्यवधान)**

डा० रत्नाकर पाण्डेय : वित्त मंत्री ने किया। प्रधान मंत्री तक तो फाइल ही नहीं गई। **(व्यवधान)**

Need to resume Air Services from the New Hubli Airport in Karnataka

SHRI J. P. JAVALI (Karnataka): Mr. Vice-Chairman, I rise to make a special mention on a matter of public importance, to draw the attention of the House and the Government for resumption of air services from the New Hubli Airport.

A new airport was built in Hubli, the second largest city of Karnataka in 1987-88. This airport was built on law of about 400 acres, purchased by the, Hubli-Dharwad Municipal Corporation from the landowners some time in 1970, and handed over to the Civil Aviation Department, free of cost. The entire cost of the airport which came to more than Rs. 3 crores then, was borne by the State Govennment. This airport functioned for a few months in 1989 and abruptly stopped. The Civil Aviation Department suggested certain improvements for considering resumption of air services.

As suggested, extending the runway by 1000 metres and shifting of a H T electric line have now been completed. This has again cost the State Government nearly Rs. 1 crore. However, there has been disturbing news that the Control Tower Equipment which was received for Hubli has been diverted to some other airport. This has to be looked into by the Government and the needful should be done.

When Hubli was put on the air map, Vayudoot operated its services, en route Hubli, Bangalore, Tirupati, Madras and back. But it is to be noted that Hubli being a commercial and industrial centre, has the need to be connected by air to Bangalore on the one side and Bombay on the other. Therefore, I request that the air services be resumed immediately linking Hubli with Bangalore and Bombay. This can be done by the Indian Airlines. Also, the Hubli airport should be brought under the Airports Authority of India. The present runway .of. 2500 metres should be extended to 3500 metres to facilitate operations of Boeing and Airbus. This should be done by the Civil Aviation Department without burdening the Karnataka Government any further.

I once again request the Government to take immediate action to put Hubli on the air map of India.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: (उत्तर प्रदेश) : श्रीमान्, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है कि जिस मामले और माननीय विद्वान सदस्य डा० रत्नाकर पाण्डेय जी ने ध्यान आकर्षित किया है वह बहुत ही गम्भीर और महत्वपूर्ण है । उसमें सरकारी पत्रावलियों के बारे में चर्चा की गई है और और डा० पाण्डेय ने कहा है कि वे सब सत्य बोले हैं । दूसरी बात यह है कि उसमें तत्कालीन रेवेन्यू सेक्रेटरी का नाम लिया गया है और तत्कालीन डायरेक्टर आफ इनफोर्समेंट का नाम है और अपरोक्ष रूप में तत्कालीन वित्त मंत्री का भी नाम है । ये सारी चीजें रिकार्ड पर आ गई हैं । मेरा निवेदन है कि डा० पाण्डेय ने जो मामला उठाया है उसमें 50 करोड़ रुपयों का घोटाला मालूम पड़ता है । किस तरीके से यह पत्रावली बाहर आई और किस तरीके से जानकारी मिली, यह सब मालूम करना जरूरी है । सरकार के वित्त मंत्री यहां पर उपस्थित हैं, आप उपसभाध्यक्ष के रूप में उनको डायरेक्ट करें और निर्देश दें कि इस संबंध में जो तथ्य हैं यह सदन की जानकारी में होने चाहिए, सदन को उनकी जानकारी होनी चाहिए और सदन के माध्यम से सारे देश को जानकारी होनी चाहिए । जिस विषय की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है, उसमें आरोप भी लगाए गए हैं । इसलिए यदि आरोप सही है तो उसकी जानकारी होनी चाहिए और अगर आरोप सही नहीं हैं तो उसकी भी सदन के माध्यम से देश को जानकारी होनी चाहिए ।

... (.Interruptions)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): I am not permitting anybody. Kindly

excuse me. Please take your seat. I have permitted Shri Malaviya as a special case. I have to finish the Special Mentions first. In this regard, I would say that I will see the record and then refer the matter... *(Interruptions)* .

DR. RATNAKAR PANDEY (Uttar Pradesh): You need not refer to the record. You ask the Minister to make a statement. The Minister of State for Finance is present here.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): I will look into the record and I will go through the names mentioned by Dr. Pandey and then we will decide.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मेरा कहना है कि सरकार को जो बात सत्य है, वह बतानी चाहिए और अगर वह सत्य नहीं है तो इंकार करना चाहिए । इस बारे में सारे देश को जानकारी होनी चाहिए ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : इसमें 18 करोड़ का घोटाला हुआ है और कांफेपोसा के नियमों का उल्लंघन किया गया है । महोदय, आप जिस आसन पर बैठे हैं, वह सुप्रीम कोर्ट के जज के आसन से भी बड़ा है । माननीय शंकर दयाल सिंह जी आप सभापति जी के आसन पर बैठे हैं । इसकी बड़ी परम्परा है । आप सरकार को डायरेक्ट न करिए ... **(व्यवधान)** । यह सदन सर्वोच्च संस्था है । अगर हमारी वाणी गलत है तो वैसा कहिए । यह तत्कालीन वी० पी० सिंह के समय का मामला है जब वे वित्त मंत्री थे । अगर यह सरकार रिएक्शन नहीं करती है तो यह ठीक नहीं है। इसलिए आप अपने निर्णय पर पुनर्विचार कीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : पाण्डेय जी, आपकी आवाज इतनी सक्षम है कि जहां तक आप पहुंचाना चाहते हैं वहां तक वह आवाज निश्चित रूप से पहुंचेगी ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अगर मैंने आरोप लगाए हैं भारत के भतपूर्व प्रधानमंत्री और तत्कालीन वित्त मंत्री पर तो इस पर सरकार की ओर से स्टेटमेंट आना चाहिए । इस पर आप निर्देश दीजिए । आप उस आसन पर बैठे हैं जो पार्टी पोलिटिक्स से ऊपर होता है । यह आसन बड़ा महत्वपूर्ण है ... **(व्यवधान)** ....

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : पाण्डेय जी आप बैठिए । ... **(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : (उत्तर प्रदेश) : आप चेयर पर आरोप लगा रहे हैं ... **(व्यवधान)** ..!

डा० रत्नाकर पाण्डेय : पार्टी पोलिटिक्स ... **(व्यवधान)** ..!

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : इसका मतलब क्या हुआ इसका मतलब यह हुआ कि आप चेयर पर आरोप लगा रहे हैं । ... **(व्यवधान)** ..!

डा० रत्नाकर पाण्डेय : इस संबंध में ... **(व्यवधान)** ...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : पाण्डेय जी आप बैठिए ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : वित्त मंत्री जी इस पर बयान दें ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : आप बैठिए ।

Need to examine viability of Bakreswar Thermal Power Project in West Bengal

SHRI SANTOSH BAGRODIA (Rajasthan): Mr. Vice-Chairman, Sir, my Special Mention is in regard to the Bakreswar thermal power poject.

It was taken up as a prestigious project by the C.P.I. (M) Government of West Bengal. Even when the

[Shri Santosh Bagrodia]

Central Government was still studying the project, the West Bengal Government enthusiastically decided to go ahead with the support of the then Government of V. P. Singh and the project was taken up in the State sector. A big *tamasha* of Bombay cine-artists was held to raise resources and crores of rupees were collected. It was also declared that an amount of Rs. 1,000 crores would be raised for this ambitious project.

The project was tied up for support from the USSR and necessary equipment were ordered from the USSR. Now, the situation in the USSR has completely changed. In the changed situation, I apprehend that the much-publicised project will be given a quiet burial. This is not only because of the trouble in the USSR, but also because of a ft. damental flaw in the planning of the project itself.

The West Bengal Government has now realised that the project is not viable simply because there is not enough water to run the power houses round the year. They can be run only for nine months in a year and they will be shut down for three months every year for sheer want of water. The State Government officials have failed in their efforts to ensure enough supply of water.

The progenitors of the project have now turned undertakers, giving finishing touches to the grand burial plan. A convenient excuse is being devised. Instead of 630 MW, i.e., three units of 210 MW each, only one unit of 210 MW would be put up and the other two units of similar size would be cancelled on the plea of absence of promised Soviet funds.

An amount of Rs. 97 crores has already been sunk and nobody seems to be sure whether this project would ever come into existence and, if so, when. There is no new plan either. It is being said that the boiler-maker has been asked to stop any further work. This is a glaring example of how the West Bengal Government plans State projects, in a slipshod way.

The question arises as to how such an important and large project was taken up without proper linkage of such a vital input like water having been tied up. It was known to the planners that water was a problem in that area. Now, I understand that the department cannot make a commitment in regard to water supply even for nine months. Pinning hope on the small Bakreswar river is nothing but sheer misguided adventurism. The soil is rocky. The ground-water also cannot be tapped.

After wasting Rs. 97 crores during the last three years, the State Government has not provided a single paise this year. As a result, all the work on the project has virtually come to a halt. The contractors and suppliers are suffering. The workers are suffering. They do not know what will be their future.

[The Deputy Chairman in the Chair.]

Madam, I would request the Government to go into the details GO that more funds are not sunk. Thank you.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): Madam, the hon. Member has maligned the Government of West Bengal without knowing the problem there, he has raised this issue in the House. He does not know that the West Bengal Government is more serious on the Bakreswar project than he is. *(Interruptions)* .

THE DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Gurudas Das Gupta, many people raise issues. They malign one or the other. If I allow Members from the State to give explanation, we will have to have a discussion. Shri Basant Kumar Das.

1.00 P.M.

Demand for probe into Upper Indravati Project Disaster in District Kalahandi, Orissa

SHRI BASANT KUMAR DAS (Orissa): Madam Deputy Chairman, through my special mention I want to bring to the notice of the Government the Indravati project disaster which was already discussed in this august House. Madam, on 28th July, 1991, there was a big disaster in the tunnel of Indravati Dam project and the hon. Minister made a *suo motu* statement in this House. The Government of Orissa has also announced a probe into the affairs. The concerned Members of this august House raised various points on the floor of this House.

Madam, in this connection the things which were not discussed and which are pertinent that the country should know as to what is going on in that project, those things I want to bring before this House. An FIR was drawn after the inspection on 31st July, 1991, by the local Police Station Officer under section 304-A/34 IPC.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You are referring to Indravati project disaster. Can you come in front and speak because you do not have a mike over there?

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : (उत्तर प्रदेश) आप और माइक्स का अरेंजमेंट करा दीजिये । रत्नाकर पाण्डेय जी जैसे सब की आवाज नहीं है (व्यवधान)

THE DEPUTY CHAIRMAN: I think we will have to make it.

आडियो टेस्ट करा लेंगे, उस हिसाब से सीट देंगे ।

SHRI BASANT KUMAR DAS: Subsequently, Madam, a case under section 304A, *prima facie* read with section 13(d) III of the Prevention of Corruption Act was registered. Madam, section 13(d) III of the Prevention of Corruption Act has a mandatory provision that a police officer not below the rank of DSP should investigate the matter. As the State Government posted a circle inspector of the crime branch organisation who was not qualified to investigate the case, he asked the authorities to post an officer of the rank of a Deputy Superintendent of above to investigate the case. The concerned authorities informed him that they did not have an officer of the rank of DSP or any other senior officer to be posted there for the time being, so he should move a petition to the SDJM for a junior officer to open up the investigation under this particular section. In the petition, to pass order to take action under section 13(d) III against the accused persons, it was pointed out:

> "At this stage, SP., C.B. is busy in important cases, S.P. (II) of C.B. has not joined, D.S.P. (l)-Sri B. C. Tripathy, OPS (I), has been promoted to the rank of additional S. P. and posted to Sambalpur district, DSp Shri B. D. Barik, OPS has been transferred to Balasore district, Shri P. K. Jena, OPS, DSP is looking after communal cases of Bhadrak. As no S.P. or D.S.P. are available immediately to take up this investigation, I may be permitted to investigate this case under section 13(d) HI of the P.C. Act to speed up the investigation of the case."

But the SDJM rejected his petition stating that he was not supposed to investigate this case. After that the same officer who was not competent to prosecute the accused persons, sent them to the SDJM's court for proper action The SDJM and the higher courts had subsequently enlarged them on bail. This is the criminal part of it.

Now, Madam, I come to the next point. This project is totally financed

[Shri Basant Kumar Das]

by the World Bank as far as the power sector is concerned. Here we have raised the matter many times. Many Members have raised it but only the Minister of Water Resources has been reacting to it. The entire budget of power is in the energy sector but the energy Minister has not reacted to it and the Minister of Finance also has not reacted to this matter. So in this connection I want to say that the World Bank's construction consultant, who is directly monitoring the progress of this Upper Indravati Project, had visited the site from 16th to 22nd of October 1990 ... *{Time-bell rings)...* Madam, kindly give me some more time.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I have given you enough time. I can't allow seven minutes on a Special Mention. It is not a debate. You make your pointed reference and let the Government take note.

SHRI BASANT KUMAR DAS: Anyway, Madam, from 16th to 22nd October 1990 the World Bank's construction consultant visited the site and submitted a report on 27th October 199ft, suggesting various things. The important part of it is...

THE DEPUTY CHAIRMAN; Now please take your seat. I can't allow you anymore. If you go on reading the dates from 1990 to 1991, it will take one year. Please send the papers to the Minister concerned. You have made your point. It will be better for you. This is my advice. .

SHRI BASANT KUMAR DAS: My demand is...

THE DEPUTY CHAIRMAN: Place your demand—that is better.

SHRI BASANT KUMAR DAS: My demand is—I come to the point—that the World Bank's construction consultant has suggested, after visiting the site and after discussing with these particular officers—the Secretary, Irrigation, the Secretary,. Energy, and the Development Commissioner—and the project management and suggested various remedial measures to protect the project from flood by May 1991—to construct definite works, to wrap up definite works for the prevention of entry of flood waters into the tunnel before the end of May 1991. In spite of that the State Government, the management and the NPCC could not protect it, the flood waters entered the project and great damage took place.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, Mrs. Renuka Chowdhury.

SHRI BASANT KUMAR DAS: Madam, I am coming to the point now.

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, no. Enough now... (Interruptions) ...Just a minute. I must remind you of one thing. Please listen to me. It is not a question of when you come to the point. I have given you nine minutes. Now I can't give you even half a minute more... *(Interruptions)* .. .If you can't make people understand in nine minutes, you will never be able to make them understand... (Interruptions) ...

SHRI BASANT KUMAR DAS: Madam, only two sentences more. One is, the CBI should take up the probe and not the State Government. The other is, as senior officers of the State Governments are party to it, a Central team consisting not only of the Irrigation Department, but the Power Department and the Finance Department also should constitute the inquiry—as crores ofdollars are involved in it—to thoroughly inquire into the matter.

Thank you, Madam.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : महोदया, मंत्री जी आ गए हैं । यह तो बता दीजिए कि मौलाना आजाद के सिलसिले में जवाब दे रहे हैं कि नहीं ।

उपसभापति : मंत्री जी, आप आज कुछ स्टटमेंट करने वाले हैं !

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI AJIT KUMAR PANJA): Madam, with regard to the point raised by Maulana Obaidullah Khan Azmi the other day, I have made my part statement immediately thereafter, on Mriday. Thereafter, after looking into the files... *(Interruptions)* ...

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, no, he is not making a statement. He is giving information.

SHRI AJIT KUMAR PANJA: .. .I found that the exact nodal agency was the Ministry of Parliamentary Affairs and, Madam, it started since December 1989 and then, 6th February 1990. So I have asked the Parliamentary Affairs Ministry to give the facts because if I make a statement so far as my Department is concerned) and thereafter if they make a statement, it won't look nice. So Government, together, wants to make a full and complete statement which will be ready—because I have held a meeting with them—in the course of tonight. So, can I make a statement tomorrow, subject to the approval of this House?

DR. RATNAKAR PANDEY (Uttar Pradesh): At what time, Madam?

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will have to discuss this with the Parliamentary Affairs Minister.

श्री मोहम्मद अ जल उ मीम अफजल : मेरा कहना है कि अगर पार्लियामेंट्री मिनिस्टर से क्लैरिफिकेशन लेना है, तो मुझे कहना यह है कि पिछले दो या तीन दिन के अंदर इस काम को क्यों नहीं किया गया ? दूसरी बात यह है कि क्या मिनिस्टर साहब यह बतायेंगे कि इस सिलसिले में उन्होंने किसी पर कंप्यूसिबिलीटी फिक्स की है और अगर की है तो क्या एक्शन लेने के बारे में बतायेंगे वह बयान देंगे ?

†[اشری محمد افضل عرف م۔ افضل: میرا کہنا ہے کہ اگر پارلیمنٹری منسٹر سے کلیریفیکیشن لینا ہے تو مجھے کہنا یہ ہے کہ پچھلے دو یا تین دن کے اندر اس کام کو کیوں نہیں کیا گیا - دوسری بات یہ ہے کہ کیا منسٹر صاحب یہ بتائینگے کہ اس سلسلہ میں انہوں نے کسی پر ریسپونسیبلٹی فکس کی ہے اور اگر کی ہے تو کیا ایکشن لینے کے بارے میں وہ بیان دینگے -]

THE. DEPUTY CHAIRMAN: One thing I roust say...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA (West Bengal): -One submision, Madam. Since the Minister las made a commitment on the floor of the House that the Government would make a statement taking into consideration the opinion of the Parliameritary Affairs Ministry, there is no reason why we should drag it now.

THE DEPUTY CHAIRMAN: That is why I am not allowing it to be dragged. Now I should not allow you also.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: On the basis of that full-fledged statement we can seek clarifications.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Correct. What I am sayin is that whatever action was necessary for the Minister to take, he has taken. Now he has told the House that immediately after getting the facts he would come. I will ask the Parliamentary Affairs Minister.

†[] Transliteration in Arabic script

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैडम, एक चीज मैं आपके इल्म में लाना चाहता हूं । मैंने भी अपने तौर पर इसमें इंक्वायरी की है और मेरे इल्म में आया है कि ... (व्यवधान)

†[شری محمد افضل عرف م- افضل :
میڈم - ایک چیز میں آپکے علم میں لانا چاہتا ہوں میں نے بھی اپنے طور پر اسمیں انکوائری کی ہے اور میرے [علم میں آیا ہے کہ ... (مداخلت) ...]

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मंत्री महोदय स्टेटमेंट कब देंगे ?

उपसभापति : मुझे मालूम नहीं । मैं पूछूंगी ।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : इस बात को सुन लें । मेरे इल्म में आया है कि आई० एंड बी० मिनिस्ट्री ने अपने कुछ आफिसर्स से इस सिलसिले में मालूमात की है और पार्लियामेंट्री में कुछ अफसरान, जो छोटे लेवल के अफसरान हैं, जिन पर जिम्मेदारी आयद नहीं होती है उनको इसमें फंसाने की कोशिश की जा रही है और जिस शख्स ने पूरी स्क्रिप्ट लिखी है जिसने शूटिंग ... **(व्यवधान)** उनको बचाने की कोशिश की जा रही है ।

†[شری محمد افضل عرف م- افضل :
اس بات کو سن لیں میرے علم میں آیا ہے کہ اکی اینڈ بی منسٹری نے اپنے [کچھ افیسرس سے اس سلسلے میں معلومات کی ہے اور پارلیمنٹ میں کچھ [افسران جو چھوٹے لیول کے افسران [ہیں جنہیں ذمہداری عاید نہیں ہوتی ہے انکو اسمیں پھسانے کی کوشش کی جا رہی ہے اور جس شخص نے پوری اسکرپٹ لکھی ہے جسنے شوٹنگ ... (مداخلت) ... انکو بچانے کی کوشش کی جا رہی ہے ۔]

THE DEPUTY CHAIRMAN: This is not the proper time.

लीजिए, अभी नहीं ।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : अगर आपकी इजाजत हो, तो मैं नाम भी पढ़ देता हूं ।

†[شری محمد افضل عرف م- افضل :
اگر آپکی اجازت ہو تو میں نام بھی پڑھ دیتا ہوں ۔]

उपसभापति : अभी नहीं । कल मंत्री जी जब आयेंगे, उस वक्त आप जो बोलना चाहें, बोल लीजिए ।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : ऐसा न हो कि बेबुनियाद छोटे अफसरान को उससे लपेटा जाए और बड़े अफसरों को छोड़ दिया जाए ।

†[شری محمد افضل عرف م- افضل :
ایسا نہ ہو کہ بےبنیاد چھوٹے افسران کو اسمیں لپیٹا جائے اور بڑے افسران کو چھوڑ دیا جائے ۔]

डा० रत्नाकर पाण्डेय : नहीं छोड़ा जाएगा । यह राष्ट्रीय भावना का प्रश्न है ... **(व्यवधान)**

मौलाना अबैदुल्ला खान आजमी : (उत्तर प्रदेश) : मैडम मैं एक बात कहना चाहूंगा, मौलाना अब्दुल कलाम आजाद का मसला है, गुलाम नबी आजाद साहब मौलाना के नाम से साफ फायदा उठाते हैं, लफ्जे आजाद का, और गुलाम नबी

†[] Transliteration in Arabic script.

आजाद बन कर हिन्दुस्तान में आजाद होने की तारीख अपने नाम से लिखवाना चाहते हैं । आजाद कहलवाना और बात है और आजाद के नाम पर फ़ायदा उठाना . . . (**व्यवधान**)

†[مولانا عبیداللہ خاں اعظمی :

میڈم میں ایک بات کہنا چاہونگا - مولانا ابوالکلام آزاد کا مسئلہ ہے غلام نبی آزاد صاحب مولانا کے نام سے فائدہ اٹھانے ہیں لفظ آزاد کا اور وہ غلام نبی آزاد بذکر ہندوستان میں آزاد ہونے کی تاریخ اپنے نام سے لکھوانا چاہتے ہیں آزاد کہلوانا اور بات ہے اور آزاد کے نام پر فائدہ اٹھانا . . . .]

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मौलाना आजाद कहां और गुलाम नबी आजाद कहां । . . . (**व्यवधान**)

SHRI MADAN BHATIA (Nominated): Madam, this is highly objectionable. This is an aspersion on the individual who is not a Member of this House.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Ghulam Nabi Azad is a Member of this House.

SHRI MADAN BHATIA; He is not present.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मंत्री जी किस वक्त स्टेटमेंट देंगे . . . (**व्यवधान**)

†[شری محمد افضل عرف م- افضل :

منتری جی کسوقت اسٹیٹمنٹ دینگے . . . . (مداخلت) . . . .]

उपसभापति : वह कोई बुरा थोड़े ही कह रहे हैं, वह तो कह रहे हैं कि अच्छी बातें मौलना आजाद के नाम से करिए । यह क्या हर्ज की बात है ?

SHRI MADAN BHATIA: It is not right.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Is he saying anything against him?

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदया, एक बात जरूर है कि अबुल कलाम आजाद के नाम को इस सदन के सम्मानित सदस्य गुलाम नबी आजाद के साथ जोड़ना अच्छी नहीं लगता, क्योंकि . . . . (**व्यवधान**) इसलिए माननीय सदस्य को . . . . . (**व्यवधान**)

SHRI MADAN BHATIA: It should not be allowed.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Let us not make it political, please.

मौलाना अबैदुल्ला खान आज़मी : उनकी जिम्मेदारी थी कि लफ्ज़े आजाद से जो पहचाने जाते हैं, उनको इस लफ्ज़े आज़ाद की गरिमा रखने के लिए यहां रहना चाहिए था। . . . (**व्यवधान**)

مولانا عبیداللہ خاں اعظمی :

انکی ذمہداری تھی کہ لفظ آزاد سے جو پہچانے جاتے ہیں انکو اس لفظ آزاد کی گریما رکھنے لیئے یہاں رہنا چاہئے تھا - . . (مداخلت) . .

डा० रत्नाकर पाण्डेय : अभी वह मिनिस्टर साहब से बात कर रहे हैं। उसके बाद वह बतायेंगे।

उपसभापति बात करके बतायेंगे । अभी आप रेणुका चैधरी को बोलने दीजिये ।

†[] Transliteration in Arabic script.

THE MINISTER OF STATE (INDEPENDENT CHARGE) OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI AJIT KUMAR PANJA): Madam, may I make the statement at five o'clock tomorrow?

THE DEPUTY CHAIRMAN: At five o'clock tomorrow.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल: यह तो कोई बात नहीं हुई। अभी पूरा दिन है। मंत्री जी शाम को जवाब दे सकते हैं क्या?

†[شری محمد افضل عرف م- افضل:
یہ تو کوئی بات نہیں ہوئی -
ابھی پورا دن ہے - منتری جی
شام کو جواب دے سکتے ہیں کیا-]

डा० रत्नाकर पाण्डेय: यह क्लियर- मेंट्री एफेयर्ज मिनिस्टर से पता करना चाहते हैं।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल: यह मसला सब का है। अगर आप कहते हैं, तो मान लेते हैं।

†[شری محمد افضل عرف م- افضل -
یہ مسئلہ سب کا ہے - اگر آپ کہتے
ہیں تو مان لیتے ہیں -]

THE DEPUTY CHAIRMAN: Tomorrow at five o'clock the Minister will make the statement. Now please keep quiet.

डा० रत्नाकर पाण्डेय: यह पार्टी लाईन से ऊपर हट कर बात होनी चाहिए। सारे तथ्य सामने आने चाहिए।

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी: इसका पार्टी से कोई ताल्लुक नहीं है। हम इसको सियासी बिलकुल नहीं बनने देंगे।

इस मामले में जो भी मुजरिम हो, वह माफी मांगे।

†[شری عبیداللہ خاں اعظمی :
اسکا پارٹی سے کوئی تعلق نہیں ہے
ہم اس کو سیاسی بالکل نہیں
بننے دینگے - اس معاملہ میں جو
بھی مجرم ہو وہ معافی مانگے -]

श्री सत्य प्रकाश मालवीय: आज रात को टी०वी० पर मौलाना आजाद का चित्र भी आ रहा है।

उपसभापति: वह कल आ गया है।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल: हम शुक्रिया अदा करते हैं मंत्री जी का कि भाटिया जी ने डिमांड किया था, उसको उन्होंने पूरा किया और उसको टी०वी० पर दिखा दिया।

†[شری محمد افضل عرف م- افضل :
ہم شکریہ ادا کرتے ہیں منتری جی
کا جو بھاٹیہ جی نے فرمائش کیا تھا
اسکو انہوں نے پورا کیا اور اسکو
ٹی وی پر دکھایا دیا -]

उपसभापति: भाटिया जी आपकी तारीफ हो रही है। प्लीज, रेणुका जी बोलिए।

Atrocities on Minor Girls of a Hostel in Nizamabad District of Andhra Pradesh by Male Wardens

SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (Andhra Pradesh): Madam Deputy Chairman, I thank you for permitting me to speak on this subject. I wish the subject on which I am going to speak would be of as much concern to this House as the previous subject and I hope they wo-

† [] Transliteration in Arabic script.